तारः जलयन्ता खीरी फोन नं0 263262 (कार्या.)

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम–भन्सरिया, पो०–उदयपुर, लखीमपुर खीरी (उ०प्र०) 262701

पंत्राक 01 / CAMP-LAKHIMPUR / 01 दिनांकः– 17 / 05 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 16.05.2026 को प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सौखिया पाइप पेयजल योजना के सोलर पैनल चोरीः छतीपुर राजा गांव में पानी का संकट के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 16.05.2026 को प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सौखिया पाइप पेयजल योजना के सोलर पैनल चोरीः छतीपुर राजा गांव में पानी का संकट के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन०सी०सी० एवं वी०टी०एल० को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस – 942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी०, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–532669 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1017 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बांकेगंज की सौखिया पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है। सौखिया पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स एन०सी०सी० लि० द्वारा कराया

जा रहा है जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–बांकेगंज की सौखिया पाइप पेयजल योजना का कार्य प्रगति पर है, डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल चोरी हो जाने के कारण योजना में वर्तमान में जलापूर्ति बाधित हो गई है। उक्त सम्बन्धित एजेंसी को सोलर पैनल लगवाकर जलापूर्ति प्रारम्भ करवाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया है कि सोलर पैनल पुनः लगवाते हुए 18 दिनों में जलापूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। सादर सूचनार्थ।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।



भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ, उ०प्र० ।
2. जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।
3. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।